
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS





लाफ्टर शेफ्स 3 के अनुभव सहेज कर रखना चाहती है निया शर्मा

VOL: 03 | ISSUE 163 | MONDAY DATE 06-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## पंडवानी क्वीन तीजन बाई पंचतत्व में विलीन: राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई



**रायपुर, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंडवानी गायन को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने शनिवार रात 3:15 बजे रायपुर एम्स में अंतिम सांस ली। वे काफी समय से अस्वस्थ थीं। भारतीय लोक कला में उनके अतुलनीय योगदान हेतु उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रविवार सुबह 11 बजे तीजन बाई के शव को उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। तीजन बाई ने अपनी सशक्त आवाज, प्रभावी अभिनय और अनूठी प्रस्तुति शैली से पंडवानी को देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में नई पहचान दिलाई। उन्हें महाभारत की कथाओं को सुनाने की प्रेरणा अपने नाना से मिली थी, और उन्होंने 13 साल की उम्र में पहली बार गाया था।

## अखिलेश और केजरीवाल पर सीधा हमला, बोले-हिंदू धर्म को कमजोर समझने की भूल न करें : नितिन नवीन

» **लखनऊ, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि हिंदू धर्म और सनातन पर प्रहार करने वालों को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष हिंदू धर्म को कमजोर समझने की भूल न करे, क्योंकि देश की जनता अपनी आस्था और सांस्कृतिक विरासत के अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। नितिन नबीन ने कहा, 'मैं राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि हिंदू धर्म को इतना कमजोर मत समझिए कि लोग आपके बहकावे में आ जाएंगे। जब आपके सहयोगी और समर्थक हिंदू देवी-देवताओं तथा सनातन पर टिप्पणी करते हैं, तब आप मौन साध लेते हैं। उत्तर प्रदेश और देश की जनता इस अपमान का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देती रहेगी।'

उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल विकास की राजनीति नहीं की, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और पुनर्जीवित करने का काम भी किया है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का भव्य पुनर्विकास और देशभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस विरासत को बचाने और संजोने के लिए पूर्वजों ने बलिदान दिए हैं और भाजपा उसी विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, परिवारवाद और माफियाराज की पहचान बन गया था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी हैं।

## ताजा खबरें

### अग्निवीरों के लिए स्थायी रिटेंशन 50 फीसद तक बढ़ाने पर केंद्र कर सकता है फैसला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** अग्निपथ योजना के तहत भर्ती हुए पहले बैच की चार वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने से पहले केंद्र सरकार और भारतीय सेना योजना में महत्वपूर्ण बदलावों पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों के स्थायी रिटेंशन का प्रतिशत मौजूदा 25 फीसद से बढ़ाकर 50 फीसद तक किए जाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से मंथन चल रहा है। अग्निवीर योजना का पहला बैच वर्ष 2026-27 में अपनी चार वर्षीय सेवा पूरी करेगा। इसके बाद अग्निवीर-2 बैच की भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इससे पहले सरकार योजना के अनुभवों और सैन्य आवश्यकताओं के आधार पर इसकी व्यापक समीक्षा कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के कार्यभार संभालने के बाद अग्निपथ-2 के संभावित स्वरूप पर भी चर्चा तेज हो गई है। समीक्षा के दौरान स्थायी रिटेंशन के अलावा सेवा अवधि, प्रशिक्षण मॉडल और दीर्घकालिक मानव संसाधन प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विचार किया जा रहा है।

### चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन का संकल्प पूरा

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की पूजाअर्चन के साथ संपन्न

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ने देश के सभी 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन का अपना संकल्प पूरा कर लिया। इस आध्यात्मिक यात्रा का समापन मध्य प्रदेश स्थित के पवित्र ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र के दर्शन-पूजन के साथ हुआ। उन्होंने विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि, शांति और लोकतंत्र की मजबूती की कामना की है। ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र में उनके आगमन पर मंदिर प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दर्शन के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। तीर्थ क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन का संकल्प पूर्ण होना उनके लिए आध्यात्मिक संतोष का विषय है।

# मिशन कायाकल्प से बदल रहे सरकारी स्कूल : रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि राजधानी के सरकारी स्कूलों को सुरक्षित, स्वच्छ, आधुनिक और प्रेरणादायक शिक्षण केंद्रों में बदलने के उद्देश्य से 'मिशन कायाकल्प' शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत राजधानी के विभिन्न जिलों के चयनित सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास का कार्य किया जा रहा है, ताकि स्कूलों की आधारभूत सुविधाएं मजबूत हों और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।

उन्होंने कहा कि 'मिशन कायाकल्प' को जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत सहयोग करने वाले संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, बाजार संघों और स्थानीय समुदायों के सहयोग से लागू किया जा रहा है। रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकारी संसाधनों के साथ-साथ जनभागीदारी के कारण स्कूलों में तेजी से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता का एक प्रभावी उदाहरण बन रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'मिशन कायाकल्प' केवल रंगाई-पुताई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकारी स्कूलों के समग्र कायाकल्प का व्यापक अभियान है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूल भवनों की मरम्मत, दीवारों की पेंटिंग और सफेदी, जर्जर शौचालयों का नवीनीकरण, स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ प्लांट और वाटर कूलर की स्थापना, विज्ञान प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सुविधाओं का विकास, स्कूल परिसरों का सौंदर्यीकरण, हरियाली बढ़ाने और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण तैयार करने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## ममता की बागियों को चुनौती.....तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं?

**कोलकाता, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी बगावत के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बागी नेताओं को कड़ा संदेश दिया है। ममता ने स्पष्ट कहा कि अगर उन्हें रोकना है, तब उन्हें मारना पड़ेगा, क्योंकि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाने वाला और उनकी आवाज कोई नहीं दबा सकता। उन्होंने बागी नेताओं को सीधी चुनौती देकर कहा, अगर हिम्मत है, तब खुलकर भाजपा में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं? ममता ने आरोप लगाया कि ये बागी नेता अब खुले तौर पर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं और गद्दारी की भी सीमा होती है। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने पार्टी सिंबल पर चुनाव जीता, वहीं अब उसी पार्टी के साथ विश्वासघात कर रहे हैं, जिसने उन्हें राजनीतिक पहचान दी। ममता का यह बयान तब आया है जब पार्टी के भीतर बड़ी टूट देखने को मिली है। पार्टी के 20 सांसद और 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं, जिन्होंने पार्टी सिंबल और नाम पर दावा किया है। हाल ही में, टीएमसी की पश्चिम बंगाल अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी अपने पद से इस्तीफा देकर बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी के साथ नजर आईं।



ट्रेंडिंग न्यूज

## केदारनाथ यात्रा: भूस्खलन का खतरा, प्रशासन हाई अलर्ट पर

ट्रेंडिंग न्यूज


**देहरादून, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** उत्तराखंड में मॉनसून की शुरूआत के साथ ही पहाड़ों पर भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसका सीधा असर केदारनाथ यात्रा पर हो रहा है। कई क्षेत्रों से लगातार मलबा गिरने की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा एक बड़ी चिंता बनी है। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह राजवार ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर कई खतरनाक इलाके चिन्हित किए हैं, जिनकी सीसीटीवी सेंटरों के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग हो रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की पूरी तैयारी रखने और किसी भी आपातकालीन स्थिति की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है।

## राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर चिराग पासवान बोले, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा



**लखनऊ, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा विवाद को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आईएएनएस के साथ विशेष बातचीत में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय है। जब भी ऐसे विवाद उठते हैं, तो रामभक्तों की आस्था को ठेस पहुंचती है। रामभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शक्ति केंद्र मजूबत होगा तो मिलेगी बंगाल जैसी जीत : योगी



**लखनऊ, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन के जरिए संगठन और कार्यकर्ताओं में चुनावी ऊर्जा भरने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब जिन सरकारों के समय प्रदेश में माफिया पाले जाते थे और हर जिले में कट्टा-बम बनवाए जाते थे, वहीं आज उत्तर प्रदेश देश की सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस मिसाइल और ड्रोन का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, जबकि पिछली सरकारों का उद्देश्य केवल अपना लूटतंत्र मजबूत करना था। उन्होंने कहा कि जब शक्ति केंद्र मजबूत होगा तब बंगाल जैसी जीत मिलने में कठिनाई नहीं होगी।

## राम मंदिर चंदा चोरी मामले में बयान दें मोदी : कांग्रेस



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** कांग्रेस ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बयान देने की मांग करते हुए कहा है कि पूरे प्रकरण की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि राम मंदिर में' चोरी हुई है और इस पर किसी तरह का कोई संदेह या विवाद नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बयान को शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जो लोग दूसरों को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रवाद के प्रमाणपत्र देते थे, वे आज स्वयं रंगे हाथों पकड़े गए हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# SIR अभियान में एक भी पात्र मतदाता न छूटे, अपात्र का नाम भी शामिल न हो : बृजलाल बहबलपुरिया

**संगठन की मजबूती और SIR अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण), हिसार की मासिक बैठक आयोजित**



» **हरियाणा, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण), हिसार की मासिक बैठक रविवार को कांग्रेस भवन, हिसार में जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा विशेष रूप से रक्फ़अभियान की प्रगति, चुनौतियों और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलेभर से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे रक्फ़ अभियान की जानकारी साझा की तथा अभियान के दौरान सामने आ रही समस्याओं, मतदाता सूची से संबंधित विषयों और प्रशासनिक सहयोग को लेकर अपने सुझाव रखे। सभी ने अभियान को पूरी गंभीरता और सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य स्पष्ट है कि एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न छूटे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो।

इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता और ईमानदारी के साथ अपने-अपने बूथ एवं क्षेत्र में कार्य करे। उन्होंने कहा कि SIR अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अभियान है।यदि किसी भी कार्यकर्ता को अभियान के दौरान किसी प्रकार की समस्या, जानकारी, मार्गदर्शन अथवा प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता हो तो वह तुरंत जिला कांग्रेस कार्यालय या सीधे उनसे संपर्क करे।

## इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण विज्ञापनः केंद्र सरकार का मेटा को नोटिस

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** भारत सरकार ने इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े आपत्तिजनक विज्ञापनों को बढ़ावा देने के मामले में उसकी पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक. को नोटिस थमा दिया है। 4 जुलाई को जारी नोटिस का जवाब केंद्र सरकार ने कंपनी से सात दिनों के भीतर मांगा है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंस्टाग्राम को तत्काल प्रभाव से इसतरह के सभी विज्ञापनों को ब्लॉक करने और हटाने का निर्देश दिया है, जो बाल यौन शोषण (सीएसएएम) को बढ़ावा देते हैं या उससे संबंधित कंटेंट तक पहुँच बनाते हैं। यह कार्रवाई मीडिया रिपोर्टों के बाद की गई है, जिसमें उजागर किया गया था कि इंस्टाग्राम भारत में रेप और चाइल्ड वीडियो जैसे शब्दों का उपयोग करके पेड विज्ञापन दिखा रहा था। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने के बाद उपयोगकर्ता टेलीग्राम चैनलों पर भेज दिए जाते थे, जहाँ कथित तौर पर बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री मात्र 99 रुपये में ब्रिकी के लिए मौजूद थी। रिपोर्ट में बताया गया कि इंस्टाग्राम पर दिखने वाले सभी विज्ञापन मेटा के मॉडरेशन सिस्टम से अनुमोदन के बाद ही दिखाते हैं, जिससे इस प्रणाली की गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। एक मीडिया हाउस द्वारा इसतरह के एक विज्ञापन की शिकायत इंस्टाग्राम से किए जाने पर, कंपनी ने लगभग 24 घंटे बाद जवाब दिया था कि यह पोस्ट उसकी कम्यूनिटी गाइडलाइन का उल्लंघन नहीं करती। हालांकि, जब मीडिया ने मेटा से मामले पर स्पष्टीकरण मांगा, तब कंपनी ने स्वीकार किया कि उसने कई विज्ञापनों को हटा दिया है, संबंधित खातों को निलंबित किया है और आपत्तिजनक यूएलआर को हटाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 20 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात चेकिंग के दौरान 20 किलोग्राम गांजे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित गुलगंज का रहने वाला दशरथ और झारखंड के रांची स्थित बूटा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार हैं। दोनों वर्तमान में शक्तिखंड चार स्थित झुग्गी-झोपड़ी में रह रहे थे। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने मादक पदार्थ तस्करी की बात स्वीकार की है। इंदिरापुरम थाने के दरोगा आफताब अहमद ने बताया कि टीम शुक्रवार देर रात शक्तिखंड चार स्थित ग्रीन बेल्ट के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक स्कूटी पर आ रहे दो युवकों ने पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया, लेकिन पकड़े गए। पूछताछ में दशरथ और वीरेंद्र कुमार ने अपनी पहचान बताई। पुलिस टीम को तलाशी के दौरान दोनों के पास से 20 किलोग्राम गांजा मिला।इसके बाद दोनों को थाने ले जाया गया। शनिवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया।

### घर में घुसकर पिता-पुत्र को पीटा, हालत गंभीर

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** कनावनी गांव की गली नंबर दो निवासी मांगेराम ने अपने पड़ोसी कार्तिक उर्फ बंटी, सोनू और विशाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने घर में घुसकर बेटे को पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित के बेटे भूषण की हालत गंभीर बताई जा रही है। जीटीबी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में मांगेराम ने बताया कि 28 जून की दोपहर पड़ोसी कार्तिक उर्फ बंटी अपने दो साथी सोनू और विशाल के उनके घर में घुस गया। जब बेटे भूषण ने इसका विरोध किया तब आरोपियों ने लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया और बुरी तरह पीटा। जब वह पहुंचे और बेटे को बचाने का प्रयास किया तब आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि तीनों बेटे को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को लात-घूंसों से पीटा

**लोनी, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** अशोक विहार कॉलोनी निवासी सादिक पर कॉलोनी के ही रहने वाले दो लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोप सूफियान और साबिर नाम के युवकों पर है। विवाद 18 जून का है। पुलिस ने घायल के पिता सनाउवर की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा सादिक 18 जून को दूध लेने जा रहा था। रास्ते में सूफियान और साबिर ने बेटे से गाली गलौज शुरू कर दी।

# एनडीएमसी वीसी कुलजीत चहल ने बीके दत्त कॉलोनी में वृक्षारोपण का नेतृत्व किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

नई दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) के वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को बीके दत्त कॉलोनी के बीडी पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। अधिकारी ने एक बयान में कहा कि 'गुड गवर्नेंस एट योर डोरस्टेप' (आपके द्वार पर सुशासन) पहल के तहत चहल ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और स्थानीय नागरिकों से बातचीत की और उन्हें जन-समस्याओं का तुरंत और समय पर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का यह लगातार 31वां रविवार है। इस अभियान का मकसद जन-भागीदारी के जरिए पर्यावरण संरक्षण को एक जन-आंदोलन में बदलना है।

उन्होंने आगे कहा कि साप्ताहिक अभियान के अलावा एनडीएमसी विश्वविद्यालयों, विभिन्न दूतावासों और अन्य संस्थानों के सहयोग से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित कर रहा है।

जन भागीदारी में हो रही वृद्धि की सराहना करते हुए चहल ने एनडीएमसी टीम के समर्पित प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयास नई दिल्ली को हरा-भरा, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।




इस कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष हरबंस डंकल, गुरु सिंह सभा के प्रतिनिधि एचएस सिंह, सनातन धर्म सभा के प्रतिनिधि एसएस चौहान, नरेंद्र विनायक और मदन भूटानी, ब्रह्मा कुमारिस के प्रतिनिधि अशोक चिटकारा, आर्य समाज के दीपक वोहरा और विनोद गिल, वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि, विभिन्न आरडब्ल्यूए अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए।

भाग लेने वालों ने इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि यह भावनात्मक मूल्यों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ता है और समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है।

प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान हर नागरिक को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है और पर्यावरण संरक्षण तथा जन-भागीदारी के बीच एक मजबूत भावनात्मक जुड़ाव बनाता है।

एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' सिर्फ पेड़ लगाने का अभियान नहीं है, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक जिम्मेदारी का एक जन-आंदोलन है। पेड़ लगाकर हम न केवल अपनी मां और 'मां प्रकृति' को सम्मान देते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक मजबूत नींव भी रखते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ पेड़ लगाना ही काफी नहीं है; उनकी नियमित सुरक्षा, सिंचाई और देखभाल भी उतनी ही जरूरी है।

## कौशल विकास के जरिए युवाओं को वैश्विक रोजगार के लिए तैयार कर रही है असम सरकारः हिमंत बिस्वा सरमा

» **गुवाहाटी, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के माध्यम से राज्य के युवाओं को वैश्विक रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना और 'आत्मनिर्भर असम' का निर्माण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। गोरचुक स्थित नॉर्थ ईस्ट स्किल सेंटर के दौरे के दौरान प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को विशेष रूप से जापान में रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए सीएम फ्लाइट योजना के तहत जापानी भाषा का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक चार चरणों में प्रत्येक प्रशिक्षु पर लगभग 1.5 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इस राशि से उन्हें शिक्षा और विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे जापान के उद्योगों और अन्य संस्थानों में रोजगार प्राप्त कर सकें। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र के बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया और असम स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत संचालित कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने जापानी भाषा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों से भी बातचीत की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बेटकुची में निमार्णाधीन इंटीग्रेटेड डायरेक्टरेट कॉम्प्लेक्स का दौरा कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इस परिसर में राज्य सरकार के 54 निदेशालयों को एक ही परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एकीकृत परिसर विभिन्न विभागों को एक प्रशासनिक केंद्र के तहत लाकर शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाएगा।

# ईश्वरवाल में पहली बार आयोजित हुई खेलो इंडिया महिला सिटी लीग, 100 से अधिक महिला साइकिलिस्टों ने दिखाया दम

**कैप्टन उमेद सिंह सरपंच ने किया शुभारंभ, महिला खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित**

» **हरियाणा, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

भारत सरकार, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के सहयोग से रविवार को गांव ईश्वरवाल में पहली बार अस्मिता साइक्लिंग खेलो इंडिया महिला सिटी लीग का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कैप्टन उमेद सिंह सरपंच ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी समाज के लिए गौरव की बात है और ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करते हैं।




प्रतियोगिता में जिलेभर से 100 से अधिक महिला साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित व्यक्तिगत एवं टीम स्पधाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला साइक्लिंग संघ के महासचिव समीर यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में साइक्लिंग खेल को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर के विशेष प्रयासों से भिवानी जिले को पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला, जिससे महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उत्कृष्ट मंच मिला। इस अवसर पर जिला साइक्लिंग संघ के महासचिव समीर यादव ,कैप्टन उमेद सिंह सरपंच, सोम्बीर सिंह (साइक्लिंग कोच), डॉ. अशोक जांगड़ा, मुकेश सोनी, सोनू कुमार, सतीश जांगड़ा, नरेश जहारिया, डॉ. आजाद सिंह, परवीन, विनोद कुमार (डीपीआर अकादमी संचालक) तथा गुणपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# उद्योगपति धर्मपाल गोयल की पुण्यतिथि पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

शिक्षा के प्रसार के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों की स्थापना और अग्रवाल धर्मशाला के निर्माण में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 जुलाई । धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी स्व. धर्मपाल गोयल की पुण्यतिथि के अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा सोमवार को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रेलवे स्टेशन के निकट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित होगा, जिसमें पीजीआई चंडीगढ़ के ब्लड बैंक की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी।



अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान एवं स्व. धर्मपाल गोयल के सुपुत्र नितिन गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान को 'महादान' माना जाता है, क्योंकि एक यूनिट रक्त तीन जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने अपने जीवनकाल में कुरुक्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई थी। शिक्षा के प्रसार के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों की स्थापना और अग्रवाल धर्मशाला के निर्माण में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। नितिन गोयल ने बताया कि पिता के बताए सेवा के मार्ग पर चलते हुए उनके परिवार द्वारा इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मरीजों को सहायता मिल सके। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और सभी नागरिकों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने और रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान देने की अपील की है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी है, बल्कि यह स्वयं रक्तदाता के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।

# बीबीएमबी में राज्य कमेटी की बैठक सम्पन्न , विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

» निर्मल सिंह विर्क




पानीपत, यूटर्न/ 05 जुलाई । भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड पानीपत परिसर में स्थित आफिसर कलब में हरियाणा एटक की राज्य कमेटी की विस्तृत मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष पहल सिंह तंवर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्घाटन ए आई टी यू सी की राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर ने किया। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश की भाजपा की सरकार मजदूरों, कर्मचारियों, किसानों, युवाओं, छात्रों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों के खिलाफ नीतियां अपना रही हैं। कामरेड अमरजीत कौर ने कहा कि केंद्रीय सरकार द्वारा थोपे जा रहे चार लेबर कोडस के खिलाफ और कृषि उपज के लाभदायक एम एस पी को लेकर 29 जुलाई को दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में होने वाली राष्ट्रीय कन्वेंशन में राज्य से भारी संख्या में मजदूरों, किसानों को भारी संख्या में शामिल किया जाने का आ'ान किया।

भाखड़ा ब्यास इम्पलाईज यूनियन के पूर्व महासचिव व एटक जनरल कौंसिल के सदस्य कामरेड मोहनलाल वर्मा, एटक के प्रदेश उप महासचिव हरभजन सिंह संधु, राज्य सचिव जयवीर घनघस उपाध्यक्ष रणबीर शर्मा, दरियाव सिंह कश्यप, सतपाल नैन, अजय कुमार, अजय कुमार, निशान सिंह, एडवोकेट पवन सैनी, जिले सिंह पाल, जितेश कुमार, वरयाम सिंह, सतपाल सरोवा, जिले सिंह पाल आदि ने भी संबोधित किया।

बैठक में बी बी एम बी सहित सार्वजनिक क्षेत्र के नीजिकरण के खिलाफ भी संघर्ष चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में सरकार की नीतियों के खिलाफ 10 अगस्त को राष्ट्रीय स्तर पर विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

# शिवराज सिंह ने वीबीझ्जी राम जी योजना के तहत राज्यों को 25,863 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को 'विकसित भारतःगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबीःजी राम जी) योजना के सुचारु संचालन के लिए सभी राज्यों को 25,863 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की।

मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि श्रमिकों को 15 दिनों के भीतर उनकी मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक जुलाई से पूरे देश में लागू हुई इस नई योजना का ट्रांजीशन (मनरेगा से वीबी-जी राम जी में बदलाव) पूरी तरह से निर्बाध और सफल रहा है।

इस योजना के तहत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब देश के किसी भी राज्य में न्यूनतम मजदूरी 300 रुपये प्रतिदिन से कम नहीं होगी। ओडिशा, पश्चिम बंगाल और



झारखंड को भी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने को कहा गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि योजना में किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए सरकार कई तकनीकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर रही है। इनमें चेहरा प्रमाणीकरण, जियो-टैगिंग और क्षेत्रीय अधिकारियों की तैनाती शामिल है। इस उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, राज्य मंत्री कमलेश पासवान, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल, संयुक्त सचिव रोहिणी आर. भाजीभाकरे सहित विभिन्न राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी डिजिटल माध्यम से शामिल हुए।

# प्रदेश सरकार शिक्षा एवं कौशल विकास के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध: कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा





## बाडोपट्टी में 6 एकड़ में बनने वाले नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला रखी

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 05 जुलाई । हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने रविवार को गांव बाडोपट्टी में बनने वाले नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भवन की आधारशिला रखी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा 22.38 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। भवन का निर्माण हरियाणा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जाएगा। संस्थान का निर्माण करीब 6.08 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर बरवाला क्षेत्र के विभिन्न गांव के पंच, सरपंचों व अन्य जनप्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री को सम्मान सूचक पगड़ी पहनाई और शौर्य स्वरूप गदा भेंट की।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित आईटीआई भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें प्रशासनिक ब्लॉक, प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय, स्टाफ रूम, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, ड्राइंग हॉल, इलेक्ट्रिशियन एवं स्टेनोग्राफी कक्ष, विभिन्न ट्रेडों के लिए आधुनिक थ्योरी एवं प्रैक्टिकल लैब, बहुउद्देशीय हॉल, रेडियोलॉजी टेक्नीशियन कक्ष, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त भवन परिसर में कैंटीन, रसोई, स्टोर, कॉमन रूम और अन्य सहायक सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नए आईटीआई के निर्माण से बरवाला व आसपास के क्षेत्र के युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा एवं कौशल विकास के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह आईटीआई क्षेत्र के युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा और औद्योगिक क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के दौरान गांव के सरपंच पवन शास्त्री की ओर से रखी गई विभिन्न मांगों को उन्होंने पूरा करने की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना और युवाओं को बेहतर शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि हरियाणा कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना रहे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि गांव बाड़ोपट्टी में एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से फिरनी का कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा।

# अंतराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 जुलाई । अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र द्वारा भारतीय सिविल सेवा परीक्षाओं, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवाओं के सम्मान में भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की 36 बिरादरी के मेधावी विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित कर शिक्षा, प्रतिभा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा पुलिस के आईजी पंकज नैन रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. चित्रलेखा



शर्मा, डॉ. सतबीर कादियान, श्री रेशम सिंह, संत गोपाल दास, दिल्ली फ्लाइंग क्लब के डायरेक्टर अनिल शर्मा, दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. धर्मपाल भारद्वाज, जय हिंद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा तथा पूर्व कुलपति डॉ. रणपाल उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि समाज की आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शोध और नवाचार ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं तथा समाज को ऐसे विद्यार्थियों का निरंतर उत्साहवर्धन करना चाहिए।

# 14 जुलाई से पहले हर हाल में पूरा करें डिजिटाइजेशन कार्य : उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ

हर अधिकारी की होगी जवाबदेही, डिजिटाइजेशन कार्य का स्वयं निरीक्षण करेंगे उपायुक्त

» पानीपत, यूटर्न/ 05 जुलाई ।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य पर जोर देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 14 जुलाई से पहले हर हाल में डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा होना चाहिए। इसमें देरी की कोई गुंजाइश नहीं है।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा का हर



हाल में पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 9,66,687 मतदाताओं के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। अब तक 9,01,628 गणना प्रपत्र (93.27 प्रतिशत) प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 4,55,925 प्रपत्र (47.16 प्रतिशत) का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है, जबकि 4,88,811 प्रपत्र (50.57 प्रतिशत) का डिजिटाइजेशन अभी शेष है। 9 दिन अभी बाकी है। इसके अलावा 2,134 प्रकरण (0.22 प्रतिशत) विभिन्न कारणों से लंबित हैं। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी, गंभीरता और मिशन मोड में कार्य करें ताकि निर्धारित समय-सीमा से पहले शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे स्वयं विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत डिजिटाइजेशन कार्य का नियमित निरीक्षण कर रहे हैं और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# प्राइवेट अस्पतालों का खेल: वादों का बिस्तर, मरीजों के लिए नहीं

संदीप शर्मा

हर कुछ महीनों में एक जानी-पहचानी कहानी सामने आती है। एक गरीब परिवार इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल से दूसरे अस्पताल भटकता है, लेकिन उन्हें यही सुनने को मिलता है कि 'कोई बिस्तर खाली नहीं है'। फिर भी, ऑडिट, कोर्ट की बनाई कमेटियों और सरकारी डेटा से बार-बार एक परेशान करने वाला विरोधाभास सामने आता है: आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षित बिस्तर अक्सर खाली पड़े रहते हैं, जबकि हकदार मरीजों को लौटा दिया जाता है। यह सिर्फ.प्रशासनिक चूक नहीं है। यह एक सामाजिक समझौते का उल्लंघन है। पूरे भारत में, खासकर दिल्ली में, कई प्राइवेट अस्पतालों को रियायती दरों पर सरकारी जमीन दी गई या अन्य सरकारी रियायतें इस साफ शर्त पर दी गईं कि वे अपने बिस्तरों और आउटपेशेंट सेवाओं का एक हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए आरक्षित रखेंगे। यह ज़िम्मेदारी कोई दान-पुण्य नहीं थी। यह सरकारी सब्सिडी के बदले में की गई एक शर्त थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, अदालतों द्वारा इन ज़िम्मेदारियों को फिर से पुष्ट करने के लगभग दो दशक बाद भी, इनका पालन ठीक से नहीं हो रहा है। कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (कैग) का हालिया ऑडिट एक चिंताजनक तस्वीर पेश करता है। इसमें पाया गया कि 2016-17 और 2021-22 के बीच चिन्हित प्राइवेट अस्पतालों में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस सुविधाओं का केवल 29 प्रतिशत ही इस्तेमाल किया गया, जो रेफरल, निगरानी और शिकायत निवारण में सिस्टम की खामियों की ओर इशारा करता है। ऑडिट ने ऐसे मामलों की भी ओर इशारा किया जहां स्पष्ट कानूनी आदेशों के बावजूद हकदार लाभार्थियों को मुफ्त इलाज से वंचित रखा गया। यह कोई नई समस्या नहीं है। 2015 में ही एक्टिविस्टों ने आरोप लगाया था कि अस्पताल अक्सर बिस्तरों की अनुपलब्धता का बहाना बनाते थे, जबकि ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित बिस्तर खाली पड़े रहते थे या उन पर पैसे देने वाले मरीज भर्ती होते थे। जो बात स्थिति को और भी निराशाजनक बनाती है, वह यह है कि सरकारों ने नियमों के पालन की निगरानी के लिए बहुत मेहनत से इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में एक रियल-टाइम डैशबोर्ड है जो चिन्हित प्राइवेट अस्पतालों में मुफ्त बिस्तरों की उपलब्धता दिखाता है। फिर भी, सरकारी पोर्टल पर खाली बिस्तरों का दिखना तब तक कोई राहत नहीं देता जब तक अस्पताल का स्टाफ भर्ती करने से मना करता रहे, रेफरल सेंटर काम न कर रहे हों, या गरीब मरीजों को अपने अधिकारों के बारे में पता ही न हो।

पूरे भारत में, सरकारें प्राइवेट हेल्थकेयर सेक्टर के साथ साझेदारी पर तेजी से निर्भर हो रही हैं। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी फंड पहुंचाकर इस रिश्ते को और मजबूत किया है। अगर प्राइवेट हेल्थकेयर को पब्लिक हेल्थ डिलीवरी का एक अहम हिस्सा बनना है, तो जवाबदेही को वैकल्पिक नहीं रखा जा सकता। ईडब्ल्यूएस के तहत इलाज देने के लिए ज़िम्मेदार हर अस्पताल को रिजर्व बेड की उपलब्धता की जानकारी ऑनलाइन और अस्पताल के गेट पर, रियल-टाइम में दिखानी चाहिए। अगर किसी मरीज को भर्ती करने से मना किया जाता है, तो उसका लिखित कारण बताना जरूरी होना चाहिए। स्वतंत्र ऑडिट भी अनिवार्य होना चाहिए। हेल्थकेयर किसी दूसरी सर्विस जैसा नहीं है। भर्ती करने से मना करना सिर्फ.एक असुविधा नहीं है; यह ज़िंदगी और मौत के बीच का फर्क भी हो सकता है। जब प्राइवेट हेल्थकेयर बनाने में सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल होता है, तो आम लोगों को अस्पताल के गेट के बाहर इंतजार नहीं करवाना चाहिए।

# अलविदा खामनेई: मर के जीना सिखा दिया तूने

**इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे भी होते हैं, जिनकी पहचान केवल पद, सत्ता या प्रसिद्धि से नहीं होती, बल्कि उनके चरित्र, जीवन-शैली,सादगी,समर्पण और सेवा-भाव से बनती है। आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई का जीवन भी उन्हीं व्यक्तित्वों में प्रमुख था जिसे सादगी, अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और समर्पण के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।**

तनवीर जाफरी



ईरान के सर्वोच्च नेता शहीद सैयद अली खामेनेई के बहुप्रतीक्षित अंतिम संस्कार की रस्म इन दिनों ईरान- इराक में अदा की जा रही है। विश्व के अब तक के सबसे बड़े अंतिम संस्कार के इस राजकीय शोक में भारत, पाकिस्तान, रूस, चीन,सऊदी अरब,अफगानिस्तान सहित लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को पवित्र रमजान माह में अमेरिका व इस्राईल द्वारा किये गये कायराना हवाई हमले में सैयद अली खामनेई ,उनकी बेटी बुशरा हुसैनी खामेनेई व दामाद मिस्बाह अल-हुदा बाकरी उनकी 14 महीने की पोती जहरा मोहम्मदी गुल पायगानी तथा खामनेई के बेटे व वर्तमान सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामनेई की पत्नी सभी एक साथ शहीद हो गये थे। ईरान पर अमेरिका व इस्राईल द्वारा थोपे गये युद्ध में उलझे होने के कारण खामनेई के अंतिम संस्कार की रस्म अब तक अदा नहीं की जा सकी थी। अब निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार संस्कार की रस्म की शुरूआत 3 जुलाई से हो चुकी है। 3 जुलाई को ईरान के उप गृह मंत्री ब्रिगेडियर जनरल अली अकबरपूर जमशीदियान द्वारा विदेशी गणमान्य लोगों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला मस्जिद में 4 व 5 जुलाई का दो दिन का शोक समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद 5 जुलाई को मुख्य जनाजे की नमाज अदा की गयी। 6 जुलाई को तेहरान में जनाजे की अंतिम यात्रा निर्धारित समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगी। अगले दिन यानी 7 जुलाई को ईरान के प्रमुख धार्मिक शहर कुम में भी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी और यहाँ की प्रसिद्ध पवित्र जमकरान मस्जिद में नमाज- ए-जनाजा अदा की जाएगी। इसी तरह 8 जुलाई को इराक के नजफ और कर्बला में भी अंतिम यात्रा निकाली जायेगी। निर्धारित योजनानुसार इराक में 7 जुलाई की शाम शहीद खामनेई का जनाजा नजफ पहुंचेगा। 8 जुलाई को सुबह 6 बजे नजफ और शाम 4 बजे कर्बला में अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पार्थिव शरीर को वापस ईरान ले जाया जाएगा। याद रहे कि मक्का और मदीना के बाद नजफ और कर्बला को शिया इस्लाम के सबसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों के रूप में मान्यता हासिल है। इसतरह अंतिम दिन यानी 9 जुलाई को अली खामेनेई के जनाजे को मशहद में शिया समुदाय के आठवें इमाम, इमाम रजा के मकबरे में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। अंतिम विदाई के बाद भी चालीस दिनों तक विभिन्न प्रांतों में धार्मिक सभाएं, प्रार्थनाएं आदि आयोजित की जाएंगी और अगले साल तक भी कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित किए जाते रहेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि अंतिम संस्कार के इस आयोजन में ईरान-इराक सहित पूरे विश्व के करीब ढाई से तीन करोड़ तक लोग शरीक होंगे। अंतिम विदाई के इन समारोहों को ईरान केवल एक धार्मिक रस्म के रूप में ही नहीं बल्कि पिछले दिनों हुये युद्ध के बाद उभरी ईरान की राजनीतिक और कूटनीतिक ताकत के बड़े प्रदर्शन के तौर पर भी देख रहा है।

इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे भी होते हैं, जिनकी पहचान केवल पद, सत्ता या प्रसिद्धि से नहीं होती, बल्कि उनके चरित्र, जीवन-शैली,सादगी,समर्पण और सेवा-भाव से बनती है। आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई का जीवन भी उन्हीं व्यक्तित्वों में प्रमुख था जिसे सादगी, अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और समर्पण के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। हालांकि उन्होंने ईरान में सर्वोच्च नेता के रूप में 47 वर्ष बिताए, जिसमें लगभग 40 वर्ष ईरान के रक्षा मंत्री , प्रेसिडेंट और सुप्रीम लीडर के तौर पर शामिल हैं। इसके बावजूद उनका सादा जीवन इस बात का संदेश देता है कि महानता केवल भव्यता के प्रदर्शन में नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने में होती है। खामेनेई ने बचपन से ही शिक्षा, कुरआन और दीनी सेवा को अपने जीवन के केंद्र में रखा। उन्होंने पढ़ाई, तालीम, तफसीर, और राजनीतिक-सामाजिक गतिविधियों को एक साथ आगे बढ़ाया, और बार-बार गिरफ़्तारी व निर्वासन के बावजूद अपना काम ताउम्र जारी रखा। वे अपने निजी जीवन में भी साधारण रहन-सहन पसंद करते थे। उनका पूरा परिवार भी बेहद साधारण जीवन जीता था। उन्होंने कभी सरकारी वेतन नहीं लिया। खामनेई निजी लाभ, दिखावे और सत्ता की सुविधाओं से हमेशा दूर रहते थे। इसीलिये उनके जीवन को एक आदर्श,ईमानदारी व ज़िम्मेदारी की मिसाल के रूप में पेश किया जाता है। उनका पारिवारिक वातावरण धार्मिक, संयमी और सरल था। बचपन से ही उन्होंने कठिनाइयों, सीमित साधनों और संघर्षों के बीच शिक्षा प्राप्त की। ऐसे वातावरण में पले-बढ़े व्यक्ति के भीतर ही जीवन की सच्ची कीमत समझने की क्षमता विकसित होती है। शायद इसी कारण उनके व्यक्तित्व में दिखावे से अधिक गंभीरता, और आराम से अधिक कर्तव्य दिखाई देता है। जब कोई व्यक्ति सत्ता की शक्ति के शिखर पर होते हुए भी सामान्य जीवन मूल्यों से जुड़ा रहता है, तो वह केवल प्रशंसा का पात्र ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत भी बन जाता है। उन्होंने अपने निजी जीवन में भी हमेशा विलासिता से दूरी बनाए रखी और सादगी को ही अपनी आदत, अपनी शैली और अपने स्वभाव का हिस्सा बनाया। यह सादगी केवल बाहरी नहीं थी, बल्कि उनके विचारों और प्राथमिकताओं में भी नजर आती थी। वे दिखावे के बजाय दायित्व को महत्व देते थे और निजी सुविधा की जगह सार्वजनिक जिम्मेदारी को। मानवता का मूल भी यही है कि शक्ति व सुविधा का उपयोग अपने अहंकार के लिए नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए होना चाहिये।

# विकास की धंसती सड़कें और भ्रष्टाचार की गहरी नींवें

ललित गर्ग



जिस दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को आधुनिक भारत के तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, उसकी सड़क उद्घाटन के महज ढाई महीने बाद पहली ही बरसात में धंस गई। सड़क इस तरह धंसी कि कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया। प्रश्न यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क पहली ही वर्षा का सामना क्यों नहीं कर सकी? क्या निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया? क्या जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं थी? या फिर यह भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही के अभाव का परिणाम है? यह कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में नई सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों और सार्वजनिक भवनों के ध्वस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों का गिर जाना पूरे देश को झकझोर गया था। एक ही दिन पांच पुल-पुलियों का धराशायी होना केवल तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार का जीवंत प्रमाण था। गुजरात के मोरबी पुल हादसे में 135 लोगों की जान चली गई। कोलकाता के विवेकानंद फ्लाईओवर के गिरने से अनेक परिवार उजड़ गए। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत गिरने की घटना और मुंबई के घाटकोपर में विशाल होर्डिंग गिरने से हुई मौतों ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता गंभीर संकट से गुजर रही है।

इन घटनाओं को केवल प्राकृतिक आपदा या भारी वर्षा का परिणाम बताकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि पहली ही बारिश में सड़क धंस जाए, पुल बह जाएं या भवनों की छतें गिर जाएं, तो यह प्रकृति की नहीं, बल्कि मानव निर्मित विफलता की एवं गहरे में पैठे भ्रष्टाचार की कहानी है। आधुनिक इंजीनियरिंग और तकनीक के इस युग में ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं। यह विकास नहीं, बल्कि विकास के नाम पर जनता के साथ किया गया विश्वासघात है। सड़कें और पुल किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की धमनियां होते हैं। इनके माध्यम से व्यापार चलता है, गांव शहरों से जुड़ते हैं, किसान अपनी उपज बाजार तक पहुंचाते हैं और आम नागरिक सुरक्षित आवागमन करते हैं। जब यही आधारभूत संरचनाएं असमय ध्वस्त होने लगें, तो केवल कंक्रीट और लोहे का ढांचा नहीं टूटता, बल्कि जनता का शासन और प्रशासन पर विश्वास भी टूटता है।

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सड़क धंसने के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर और टीम लीडर को निलंबित किया तथा निर्माण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल निलंबन से समस्या का समाधान हो जाएगा? अनुभव बताता है कि अधिकांश मामलों में निलंबित अधिकारी कुछ समय बाद बहाल हो जाते हैं या उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। जिन कंपनियों को काली सूची में डाला जाता है, वे कुछ समय बाद नए नाम से फिर सरकारी ठेके प्राप्त करने लगती हैं। परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार का चक्र लगातार चलता रहता है। वास्तविक समस्या जवाबदेही के अभाव की है। निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया-डिजाइन, सामग्री, तकनीकी परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं होती। जब दोषियों को कठोर दंड नहीं मिलता, तब भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिल जाता है। यही कारण है कि हर वर्ष बरसात के साथ सड़कें उखड़ती हैं, पुलों में दरारें पड़ती हैं और करोड़ों रुपये की परियोजनाएं समय से पहले दम तोड़ देती हैं। देश में सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं का बड़ा हिस्सा कमीशनखोरी और रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। ठेके हासिल करने से लेकर बिलों के भुगतान तक अनेक स्तरों पर भ्रष्टाचार व्याप्त है।

# चिंतन मनन: सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं। राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है। इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

## गैस संकट से थमी रायबरेली रेल पहिया कारखाने की रफ्तार

**रायबरेली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** भारतीय ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। ईरान-इजराइल युद्ध के कारण बाधित हुई गैस आपूर्ति ने देश के रेल पहिया उत्पादन कारखाने की कमर तोड़ दी है। गैस की कमी के चलते पिछले तीन माह में कारखाना केवल 7300 पहिए ही बना पाया है, जबकि चालू वित्त वर्ष का लक्ष्य 60,000 पहियों का है। यह गंभीर संकट ईरान-इजराइल युद्ध के कारण गैस आपूर्ति में आई रुकावट से पैदा हुआ है, क्योंकि कारखाने को आवश्यक मात्रा में गैस नहीं मिल पा रही है। प्रति वर्ष 80 हजार से एक लाख रेल पहिए बनाने की क्षमता वाले इस कारखाने का उत्पादन पहले आरआईएनएल के तहत धीमा रहा था। अप्रैल 2024 में भारतीय रेलवे ने इसका अधिग्रहण किया और आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के अधिकारियों-कर्मचारियों की मेहनत से उत्पादन में सुधार देखा गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 22562 और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 33515 पहियों का उत्पादन हुआ था। हालांकि, मौजूदा गैस संकट ने इस प्रगति पर विराम लगा दिया है और रेलवे के लिए अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करना अब एक बड़ी चुनौती बन गया है।

## कोल इंडिया और यूपीआरवीयूएनएल के बीच हुआ समझौता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को नई गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (यूपीआरवीयूएनएल) ने राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास हेतु एक संयुक्त उपक्रम (जेवी) समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य प्रदेश की बढ़ती बिजली जरूरतों को टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों से पूरा करना है। लखनऊ में हुए इस समझौते के तहत एक नई जेवी कंपनी का गठन होगा, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड की 51 फीसदी और यूपीआरवीयूएनएल की 49 फीसदी हिस्सेदारी होगी। यह कंपनी ग्राउंड-माउंटेड सोलर, फ्लोटिंग सोलर, रूफटॉप सोलर, पवन ऊर्जा और पंप्ड स्टोरेज जैसी विभिन्न स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं का विकास, वित्तपोषण, निर्माण और संचालन करेगी। इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने बताया कि यह गठजोड़ सीआईएल की वित्तीय क्षमता और परियोजना क्रियान्वयन दक्षता को यूपीआरवीयूएनएल के विद्युत उत्पादन अनुभव के साथ जोड़ेगा।

# अदाणी ग्रुप कोलकाता के न्यू टाउन में स्थापित करेगा 2,000 बेड का हॉस्पिटल; 1,000 बेड गरीबों के लिए होंगे आरक्षित

» **कोलकाता, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

अदाणी ग्रुप न्यू टाउन इलाके में 2,000 बेड वाला हॉस्पिटल बनाएगा, जिसमें से 1,000 बेड गरीब मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए आरक्षित होंगे। यह जानकारी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की ओर से दी गई। मुख्यमंत्री अधिकारी ने शनिवार को राज्य में पिछले दो महीनों में अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों की जानकारी देते हुए बताया कि अदाणी ग्रुप ने न्यू टाउन में 2,000 बेड वाला एक आधुनिक हॉस्पिटल बनाने का लिखित वादा किया है। इनमें से 1,000 बेड गरीबों के लिए होंगे और बाकी 1,000 बेड का इस्तेमाल कमर्शियल ऑपरेशन के लिए किया जाएगा।

इससे पहले मई में अदाणी ग्रुप ने बिहार के अखंड ज्योति हॉस्पिटल और अदाणी फाउंडेशन के साथ मिलकर 'एसीई-अदाणी सेंटर फॉर आई डिजीजेज' शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद जरूरतमंद लोगों को आंखों का सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला इलाज मुहैया कराना है।

'एटीओएम-अदाणी ट्रेनिंग सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक मेडिसिन' आंखों के इलाज के विशेषज्ञों और महिला हेल्थकेयर वर्करों की एक नई पीढ़ी तैयार करने में मदद करेगा।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी के अनुसार, इस पहल का मकसद आने वाले सालों में पूरे देश में आंखों की अच्छी देखभाल वाली सेवाओं का विस्तार करना है।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने बिहार के मस्तीचक के दौरे के दौरान कहा, 'किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी वापस लाना सिर्फ मेडिकल इलाज नहीं है, बल्कि उनके जीवन में उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान वापस लाने का एक तरीका है।'

वहां उन्होंने गायत्री शक्तिपीठ का दौरा किया और गायत्री परिवार और अखंड ज्योति द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कामों की तारीफ की।

पिछले साल, अदाणी ग्रुप की सीएसआर पहल ने राजधानी के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) में रीनल केयर प्रोजेक्ट (गुर्दे की देखभाल की परियोजना) का विस्तार करने के लिए आधारशिला ट्रस्ट के साथ साझेदारी की घोषणा की थी।

एलएचएमसी के शिक्षण संस्थानों में से एक, श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल में आधारशिला रीनल केयर प्रोजेक्ट (एआरसीपी) का विस्तार, दिल्ली के पब्लिक हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर में डायलिसिस देखभाल को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।

# महिलाओं के नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ाने के लिए भारत में ब्रिक्स की बैठक




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

भारत इस साल अपनी 'ब्रिक्स' अध्यक्षता के तहत 6-7 जुलाई को केरल के कोच्चि में महिला वर्किंग ग्रुप (डब्ल्यूडब्ल्यूजी) की बैठक की मेजबानी करेगा। महिला वर्किंग ग्रुप की बैठक सदस्य देशों को महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने वाले मुद्दों पर चर्चा करने और आम सहमति बनाने का अवसर प्रदान करेगी। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कोच्चि की बैठक से 8-9 जुलाई को होने वाली 'ब्रिक्स' महिला मंत्री-स्तरीय बैठक के लिए एक मजबूत आधार तैयार होने की उम्मीद है।

यह बैठक व्यावहारिक सहयोग और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रति 'ब्रिक्स' सदस्य देशों की साझा प्रतिबद्धता को दोहराएगी। बयान में कहा गया है, ''ब्रिक्स' सदस्य देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सभी क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तिकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने और साझा प्राथमिकताओं पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आएंगे।' 'ब्रिक्स' संगठन में कुल 11 देश ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। ये सभी मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग 40 प्रतिशत योगदान देते हैं।

**'ब्रिक्स' संगठन में कुल 11 देश ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं।**

'ब्रिक्स' देशों में दुनिया की लगभग 49.5 प्रतिशत आबादी रहती है। इस विशाल जनसंख्या में महिलाओं का राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास हर क्षेत्र को प्रभावित करता है, जिससे 'महिला ट्रैक' 'ब्रिक्स' 2026 में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बन गया है।

यह वर्किंग ग्रुप बैठक पहले आयोजित की गई तीन वर्चुअल प्रारंभिक बैठकों के दौरान हुई व्यापक चचाओं पर आधारित है। इन चचाओं ने सदस्य देशों को कोच्चि में होने वाली बैठकों से पहले बातचीत को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाया है। 2026 में भारत की 'ब्रिक्स' अध्यक्षता 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' थीम पर आधारित है।

'ब्रिक्स' महिला ट्रैक ने चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें महिलाओं की शासन और नेतृत्व में भागीदारी, डिजिटल और वित्तीय समावेशन, उद्यमिता और कौशल विकास और जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा व पोषण में महिलाओं की भूमिका शामिल है।



## प्याज किसानों को राहत, बफर स्टॉक खरीद मूल्य में 13.3 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** केंद्र सरकार ने देश के प्याज उत्पादक किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। सरकार ने बफर स्टॉक (आपातकालीन भंडार) के लिए प्याज की खरीद कीमत में 13.3 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। केंद्र सरकार ने प्याज के बफर स्टॉक खरीद मूल्य को 1,875 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2,125 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। यह बढ़ी हुई कीमत 4 जुलाई 2024 से देशभर में लागू हो गई है। सरकार के इस कदम से फसल बेचने की तैयारी कर रहे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। सरकारी सहकारी संस्थाओं, जैसे नेफेड और एनसीसीएफ, के माध्यम से कई केंद्रों पर प्याज की खरीद पहले से ही जारी है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में प्याज की कोई किल्लत नहीं है। वर्ष 2025-26 के दौरान प्याज का कुल उत्पादन लगभग 30.74 मिलियन टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के स्तर के करीब है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, और निकट भविष्य में कमी की कोई आशंका नहीं है।

# आसुस ने लॉन्च किया इंटेल कोर 5 सीरीज 3 प्रोसेसर वाला पहला लैपटॉप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई**




भारत में आसुस ने अपने नए वीवोबुक 15 (2026) लैपटॉप को पेश किया है। कंपनी इंटेल कोर 5 सीरीज 3 प्रोसेसर के साथ देश का पहला लैपटॉप होने का दावा करती है।

कंपनी ने इसे अमेजन प्राइम डे और फ्लिपकार्ट जीओएटी सेल के दौरान विशेष रूप से बिक्री के लिए उपलब्ध कराया है। आसुस वीवोबुक 15 (2026) की शुरूआती कीमत 1,07,990 रुपये है, जो इसकी एमआरपी 1,59,990 रुपये पर 33प्रतिशत की छूट के बाद उपलब्ध है। ग्राहक नौ महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई, बैंक ऑफर और एक्सचेंज बोनस का लाभ उठा सकते हैं। यह लैपटॉप कूल सिल्वर, क्वाइट ब्लू और टेरा कोट्टा जैसे आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगा।

इस लैपटॉप में 15.6 इंच का फुल-एचडी एंटी-ग्लेयर डिस्प्ले है और यह 16जीबी डीडीआर 5 रैम तथा 512जीबी पीसीआईई 4.0 एसएसडी स्टोरेज के साथ आता है। इसका मुख्य आकर्षण इंटेल कोर 5 सीरीज 3 चिपसेट है, जिसमें इंटीग्रेटेड इंटेल एआई बूस्ट एनपीयू शामिल है, जो एआई संबंधित कार्यों के लिए 16 टॉप्स तक की क्षमता प्रदान करता है। अन्य खासियतों में बिल्ट-इन प्राइवेसी शटर के साथ एक एचडी वेबकैम, वाई-फाई 6 कनेक्टिविटी और 1.7 किलोग्राम का हल्का चेसिस शामिल है, जो एमआईएल-एसटीडी-810एच मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी स्टैंडर्ड को पूरा करता है। आसुस ने प्राइम डे पर अपने नए टफ गेमिंग ए15 लैपटॉप को भी लॉन्च किया है, जिसकी कीमत 1,18,990 रुपये है। यह एएमडी रायजन 7 8845एचएस प्रोसेसर और एनवीडिया जीफोर्स आरटीएक्स 3050 जीपीयू से लैस है, जिसमें 144 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ 15.6 इंच का फुल-एचडी डिस्प्ले दिया गया है। इसमें बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए डेडिकेटेड कोपायलट की और फिंगरप्रिंट सेंसर भी दिया गया है।

## भारत-यूके एफटीए से जुड़े नियम जारी, 15 जुलाई से होंगे लागू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) 15 जुलाई से लागू होने वाला है और केंद्र सरकार ने इस समझौते से जुडे.नियमों को लागू कर दिया है।



वित्त मंत्रालय की ओर से जारी ताजा नोटिफिकेशन के मुताबिक, कोई प्रोडक्ट भारत या यूके में बना हुआ तब माना जाएगा, जब वह पूरी तरह से इनमें से किसी एक देश में बनाया गया हो, पूरी तरह से वहीं के सामग्रियों से बनाया गया हो, या फिर समझौते के तहत तय उत्पाद-विशिष्ट मूल की शर्तों को पूरा करते हुए, बाहर के इनपुट का इस्तेमाल करके बनाया गया हो। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी किए गए नियम बताते हैं कि कौन-सा सामान समझौते के तहत खास टैरिफ सुविधा के लिए योग्य है या नहीं, और साथ ही निर्यातकों और आयातकों के लिए जरूरी नियमों का पालन करने की शर्तें भी तय करते हैं। यह नियम भी समझौते के साथ ही 15 जुलाई से लागू हो जाएंगे।

# मेडिकल कॉलेज छह महीने से बंद है अल्ट्रासाउंड सुविधा

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में छह महीने से अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने के कारण मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल प्रशासन ने पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर सेवा शुरू न करने के कारण प्रतिदिन 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया हुआ है, इसके बावजूद अब तक सुविधा बहाल नहीं हो सकी है।



गांव छांयसा स्थित मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में रोजाना करीब 300 से अधिक मरीज उपचार करवाने के लिए आते हैं। जिनमें गर्भवती महिलाएं भी होती हैं। गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर की ओर से अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए कहा जाता है, लेकिन अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा बंद होने की वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गर्भवती महिलाओं को जांच कराने के लिए मजबूरन निजी सेंटरों या फिर करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित बीके अस्पताल का रुख करना पड़ रहा है। गांव अरुआ निवासी सोनिया का कहना है कि वह 3 महीने की गर्भवती है और उनका उपचार मेडिकल कॉलेज से चल रहा है । डॉक्टर से परामर्श के बाद उनको अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए कहा गया है। मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होने के चलते, उन्होंने निजी सेंटर से अल्ट्रासाउंड करवाया है। इससे उनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा और समय भी लग गया। वही गांव कोराली निवासी पूजा ने बताया कि उनके पेट में दर्द होने की वजह से डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड करवाने की सलाह दी।

**5 हजार का प्रतिदिन लगाया जा रहा है जुर्माना:** अस्पताल के निदेशक डॉ. देवेंद्र अटल का कहना है कि पीपीपी एजेंसी के खिलाफ अनुबंध की शर्तों के अनुसार प्रतिदिन 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है।

साथ ही एजेंसी को कई बार नोटिस जारी कर जल्द से जल्द सेवा शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कार ले जाकर नहीं दिए रुपये, पुलिस से शिकायत करने पर परिवार को पीटा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** कार खरीदकर बाकी रकम न देने और पुलिस से शिकायत करने पर दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने महिलाओं के साथ अभद्रता कर कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 4 नामजद समेत 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

लाजपतनगर निवासी पीड़ित के अनुसार एल-ब्लॉक के मोहित शर्मा ने 17 जुलाई 2025 को उनकी कार 1.50 लाख रुपये में खरीदी थी। मोहित ने 8 हजार रुपये बयाना देकर गाड़ी ले ली और बाकी पैसा किश्तों में देने का वादा किया। एक साल में उसने सिर्फ 33,500 रुपये ही दिए। जब पीड़ित ने पूरा पैसा या गाड़ी वापस मांगी तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी उससे रंजिश मानने लगा। दो जुलाई की रात पीड़ित अपने पिता, पत्नी और बहन के साथ मंदिर से लौट रहा था। रास्ते में मोहित शर्मा, सुरेश कसाना, प्रेरित शर्मा, गोपाल पंडित और 4 अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि सभी ने लाठी-डंडों से हमला किया। इस दौरान पत्नी और बहन के साथ बदसलूकी की गई और उनके कपड़े फाड़ दिए। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि सभी आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### फतेहपुर के गोदाम में लगी आग, दमकल की 25 से ज्यादा गाड़ियों ने पाया काबू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** नई दिल्ली के फतेहपुर के चंदन हुला में प्रदर्शनी के सामने वाले एक गोदाम में शनिवार-रविवार की रात आग लगने से अफरातफरी मच गई। दमकलकर्मियों को आग लगने की सूचना रात करीब दो बजे मिली। दमकल की 25 से ज्यादा गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। फायर ऑफिसर मनीष शेरावत ने बताया कि हमें रात करीब 2:30 बजे एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। जब हम मौके पर पहुंचे तो देखा कि पूरा वेयरहाउस कॉम्प्लेक्स आग की लपटों में घिरा हुआ था। शनिवार को करनाल-मेरठ रोड पर स्थित एक केमिकल और पेस्टिसाइड फैक्ट्री में लगी भीषण आग को फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू में किया।



## गाजियाबाद में चलती कार में भ्रूण लिंग जांच का खुलासा, चार आरोपी हिरासत में लिए गए

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जुलाई**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में चलती कार के अंदर पोर्टेबल मशीन से अवैध भ्रूण लिंग जांच का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर में खुलेआम कार के अंदर लिंग जांच का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

मुखबिर की सूचना पर शनिवार देर रात स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए कार संख्या यूपी 14 एफएल 9355 को कोतवाली थाना क्षेत्र में रोककर अवैध भ्रूण लिंग जांच का भंडाफोड़ किया। कार में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के जरिए भ्रूण का लिंग बताए जाने का आरोप है। मौके से संदीप, सलमान, शाहिद और तस्लीम को हिरासत में लिया गया है। इस कार्रवाई से एक बड़ा सवाल भी खड़ा हो गया है कि अगर शहर में चलती कार के अंदर अवैध लिंग जांच का गिरोह सक्रिय था, तो आखिर स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी और पीसीपीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) सेल की जांच व्यवस्था क्या कर रही थी? बिना किसी सूचना के यह नेटवर्क कब से संचालित हो रहा था और अब तक विभाग की नजर से कैसे बचा रहा?

सूत्रों के अनुसार, मुख्य आरोपी संदीप के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके बावजूद अगर वह इस तरह का अवैध कारोबार चला रहा था तो विभाग की निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस मामल पर स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटे हैं कि इस गिरोह से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं तथा कितने समय से यह अवैध धंधा चल रहा था।

## दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मर्डर केस सुलझाया, 20 साल के युवक की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई**

पूर्वोत्तर दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में 20 वर्षीय एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने के 18 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, साथ ही हत्या में शामिल हथियार, एक चाकू भी बरामद कर लिया गया है। शनिवार सुबह दिल्ली के सीलमपुर इलाके में डीडीए पार्क में एक 20 साल के युवक का शव मिला। मृतक का नाम तौहीद था और वह न्यू सीलमपुर के के-ब्लॉक का रहने वाला था।

तौहीद पास के ही एक कबाड़ी के यहां मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि वह पिछली रात काम के लिए घर से निकला था और अगली सुबह खून से लथपथ हालत में मिला। उसके शरीर पर चाकू के घाव थे ।उसे जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और अहम सबूत इकट्ठा किए।



सीलमपुर के एसीपी मलिकियत सिंह की देखरेख में न्यू उस्मानपुर थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर के.एल. यादव की अगुवाई में बनी टीमों ने कई जगहों से अहम सबूत जुटाए। जांच के दौरान पता चला कि उस शाम मृतक का कुछ लोगों के साथ झगड़ा हुआ था। इकट्ठा किए गए सबूतों और लगातार कोशिशों के आधार पर, पुलिस टीम ने हत्या में शामिल तीन आरोपियों शाहनवाज (21 साल) नूर हसन (20 साल) और अनस (21 साल) को गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों दिल्ली के सीलमपुर में टी-हट्स (झुग्गी बस्ती) के रहने वाले हैं।

## बंद मकान का ताला तोड़कर गहने व नकदी चुराई

**खोड़ा, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** आदर्श नगर स्थित बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के गहने और 15 हजार की नकदी चोरी कर ली। मामला 16 जून से एक जुलाई के बीच का है। मकान मालिक जितेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने तीन जुलाई की देर रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में जितेंद्र ने बताया कि उनका मकान 16 जून से बंद है। एक जुलाई को जब उन्होंने घर खोला तब अंदर कमरे के ताले टूटे हुए हुए थे। जांच करने पर पता चला कि घर में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर चोरों ने सोना-चांदी के गहने और 15 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया और तहरीर दी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द चोर को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर हाईटेक बम निष्क्रिय तकनीक का प्रदर्शन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**

दिल्ली एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने एक विशेष डेमोंस्ट्रेशन-कम-ऑपरेशनल एक्सपोजर कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीडीएस) के लिए महत्वपूर्ण उपकरण 'वॉटर जेट डिसरप्टर' का लाइव प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में आईपीएस अधिकारी बाबू राम, डीआईजी/सीएएसओ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अभ्यास का उद्देश्य बीडीडीएस कर्मियों को वॉटर जेट डिसरप्टर के सुरक्षित संचालन, सटीक उपयोग और रणनीतिक तैनाती का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। यह उपकरण विशेष रूप से इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) यानी देसी बम



जैसे विस्फोटक खतरों को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने में अहम भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के दौरान वास्तविक परिस्थितियों जैसा माहौल तैयार कर बीडीडीएस टीम को विशेष उपकरणों के उपयोग का अभ्यास कराया गया। इससे जवानों की तकनीकी दक्षता बढ़ी और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने की उनकी क्षमता और मजबूत हुई।

इस अवसर पर डीआईजी/सीएएसओ बाबू राम ने अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते विस्फोटक खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों की जानकारी और वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित अभ्यास अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने सभी कर्मियों से अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और सामरिक कौशल को लगातार विकसित करने का आ'ान किया, ताकि बम निष्क्रिय करने के प्रत्येक अभियान में त्वरित, सुरक्षित और बेहतर समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

सीआईएसएफ ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट पर भी इस अभ्यास की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बीडीडीएस कर्मियों की परिचालन क्षमता को और सुदृढ़ बनाना है। संगठन ने दोहराया कि वह क्षमता निर्माण, विशेष प्रशिक्षण और परिचालन उत्कृष्टता के माध्यम से देश की विमानन सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कार्रवाई के दौरान महिला और एसडीओ में बहस

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जुलाई**

भूपानी गांव की शिव कॉलोनी में निमार्णाधीन मकान पर नगर निगम की कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया। मकान निर्माण करा रही महिला और नगर निगम के एसडीओ के बीच मौके पर तीखी नोकझोंक हुई। महिला ने एसडीओ पर अभद्र व्यवहार, बिना महिला पुलिस के कार्रवाई करने और बार-बार उसके मकान को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। वहीं एसडीओ ने महिला पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और जेसीबी पर ईंट फेंकने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने थाना भूपानी में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिव कॉलोनी निवासी बबिता ने बताया कि उन्होंने भूपानी निवासी विनोद भाटी से प्लॉट खरीदकर मकान का निर्माण शुरू कराया था। उनका कहना है कि 21 जून को निर्माण कार्य शुरू हुआ था। आरोप है कि 23 जून को नगर निगम की टीम बिना पूर्व सूचना के पहुंची और निर्माण का हिस्सा तोड़ दिया।

शिव कॉलोनी निवासी बबिता ने बताया कि उन्होंने भूपानी निवासी विनोद भाटी से प्लॉट खरीदकर मकान का निर्माण शुरू कराया था। उनका कहना है कि 21 जून को निर्माण कार्य शुरू हुआ था। आरोप है कि 23 जून को नगर निगम की टीम बिना पूर्व सूचना के पहुंची और निर्माण का हिस्सा तोड़ दिया।

इसके बाद 26 जून को दोबारा कार्रवाई की गई। बबिता का आरोप है कि तीन जुलाई को एसडीओ हितेश दहिया फिर जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और मकान तोड़ने का प्रयास किया जिससे विवाद हो गया। महिला का कहना है कि कार्रवाई के दौरान मौके पर महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थीं और एसडीओ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ धक्का-मुक्की करने की भी कोशिश की गई।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह ने शो की मेजबानी की, जबकि जाने-माने शेफ हरपाल सिंह सोखी ने जज की भूमिका निभाई। शो के समापन पर अपनी भावनाओं को साझा करने के अलावा, निया शर्मा ने आज की तेजी से बदलती एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में स्टारडम को कैसे देखा जाता है, इस पर भी अपनी राय व्यक्त की।

# लाफ्टर शेफ्स 3 के अनुभव सहेज कर रखना चाहती है निया शर्मा





छोटे परदे की लोकप्रिय अभिनेत्री निया शर्मा लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन के खत्म होने पर बेहद भावुक नजर आईं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में निया ने शो के फिनाले एपिसोड के कुछ खास पलों का एक वीडियो साझा किया। निया शर्मा इस वीडियो के साथ एक भावुक पोस्ट भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव को दुनिया की किसी भी चीज के बदले न छोड़ने की बात कही। निया शर्मा ने बताया कि इस शो के तीन सीजन बीत चुके हैं, लेकिन हर बार वही भावनाएं रही हैं - शो के खत्म होने पर आंखों से बहते आंसू और प्यार भरा दिल, जैसा कि पिछले सीजनों में भी देखने को मिला था। निया ने स्पष्ट किया कि इस शो से उन्हें जो अनुभव और प्यार मिला है, उसे वह किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ सकतीं, क्योंकि यह उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने अपने इस भावुक वीडियो के बैकग्राउंड में मशहूर गाना अभी न जाओ छोड़ कर भी जोड़ा, जिसने उनकी भावनाओं को और गहरा कर दिया।

*उन्होंने अपने इस भावुक वीडियो के बैकग्राउंड में मशहूर गाना अभी न जाओ छोड़ कर भी जोड़ा, जिसने उनकी भावनाओं को और गहरा कर दिया। लाफ्टर शेफ्स 3 का आखिरी एपिसोड 28 जून को टेलीकास्ट हुआ...*

लाफ्टर शेफ्स 3 का आखिरी एपिसोड 28 जून को टेलीकास्ट हुआ, जिसके साथ एक और सफल सीजन का समापन हो गया। यह पसंदीदा शो अपने अनोखे कॉन्सेप्ट के लिए जाना जाता है, जहां सेलिब्रिटीज खाना पकाने के साथ-साथ कॉमेडी भी करते हैं, जिससे दर्शकों का खूब मनोरंजन होता है। इस तीसरे सीजन में अली गोनी, रीम शेख, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, रुबीना दिलैक, राहुल वैद्य, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल, निया शर्मा, सुदेश लहरी, कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह जैसे कई बड़े और लोकप्रिय स्टार्स शामिल थे, जिन्होंने अपनी मस्ती और टैलेंट से शो में चार चांद लगा दिए। मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह ने शो की मेजबानी की, जबकि जाने-माने शेफ हरपाल सिंह सोखी ने जज की भूमिका निभाई। शो के समापन पर अपनी भावनाओं को साझा करने के अलावा, निया शर्मा ने आज की तेजी से बदलती एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में स्टारडम को कैसे देखा जाता है, इस पर भी अपनी राय व्यक्त की।



## तमन्ना भाटिया ने लिया बारिश में भीगने का आनंद

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का बारिश में भीगने का वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों खूब चर्चा बटोर रहा है। अभिनेत्री को मुंबई की झमाझम बारिश में पूरी तरह भीगकर लुत्फ उठाते हुए देखा गया। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मुंबई की बारिश का एक मनमोहक वीडियो साझा किया, जिसने उनके प्रशंसकों का दिल जीत लिया। क्लिप में तमन्ना को बारिश देखकर बेहद उत्साहित होते हुए देखा जा सकता है। वह बिना देर किए बारिश में भीगने लगती हैं और मुंबई के सुहावने मौसम का पूरा आनंद उठाती हैं। थोड़ी देर बाद, ठंड महसूस होने पर वह कैमरे पर कहती हैं, 'अब मुझे ठंड लग रही है। मैंने मजे-मजे में यह कर तो लिया।' इस मजेदार पल को कैप्चर करते हुए, तमन्ना ने पोस्ट के कैप्शन में भी लिखा, 'मुझे भी अभी ठंड लग रही है।'
यह वीडियो तुरंत वायरल हो गया, और उनके फैंस ने उनके इस चुलबुले अंदाज को खूब पसंद किया। हालांकि, सबसे दिलचस्प बात तब हुई जब राशा थडानी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए तमन्ना से पूछा, 'आपने मेरे बिना ऐसा क्यों किया?' राशा का यह कमेंट अब फैंस के बीच खूब वायरल हो रहा है और उनकी दोस्ती की गहराइयां दर्शाता है।

## फोटो स्टोरी



फिलडेलफिया में फ्रांस और पराग्वे के बीच फीफा विश्वकप फुटबॉल में फ्रांस के कीलियन एंबापे गोल दागने के बाद खुशी मनाते हुए।

## यूरोप चरण में अच्छे प्रदर्शन से विश्वकप के लिए हॉकी टीम का मनोबल बढ़ा : फुल्टन

**बेंगलुरु, यूटर्न/ 05 जुलाई ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा है कि एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के यूरोप चरण में अच्छे प्रदर्शन से टीम का हौंसला बढ़ा है और अब आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों में जीत दर्ज करने के लिए तैयार है। कोच के अनुसार टीम सही समय पर लय में आई है और इसका लाभ उसे आगामी मुकाबलों में मिलेगा। साथ ही कहा कि वर्तमान में भारतयी टीम दुनिया की किसी भी मजबूत टीम को टककर दे सकती है। कोच ने कहा कि मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड्स को हराकर भारतीय टीम ने दिखाया है कि वह किसी से पीछे नहीं है। इससे टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। फुल्टन ने कहा, इस प्रो लीग अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि खिलाड़ियों का बढ़ा हुआ आत्मविश्वास है। जर्मनी और नीदरलैंड्स जैसी शीर्ष टीमों को हराना और इंग्लैंड के खिलाफ भी प्रभावशाली प्रदर्शन यह साबित करता है कि यदि हम अपनी रणनीति पर बने रहें तो हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं। फुल्टन ने यह भी कहा किया कि टीम ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान दबावपूर्ण परिस्थितियों में असाधारण संयम दिखाया और विभिन्न खेल स्थितियों के अनुसार खुद को सफलतापूर्वक ढालने की क्षमता विकसित की।

## वैभव ने शुभचिंतकों का आभार जताया, बोले आप के संदेशों से अभिभूत हूं

» **मेनचेस्टर, यूटर्न/ 05 जुलाई ।**



सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले भारतीय बल्लेबाज बनकर वैभव सूर्यवंशी बेहद खुश हैं। केवत्र 15 साल 99 दिन की उम्र में भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले वैभव ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी भावनाएं प्रकट की हैं।

वैभव ने इस मैच में 10 गेंद पर केवल 14 रन बनाये पर इस दौरान उनकी बल्लेबाजी देखकर वह अपनी उम्र से कहीं बढ़कर परिपक्व और कुशल बल्लेबाज दिखे। इस उभरते हुए बल्लेबाज ने मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा कर अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों का दिल जीत लिया। उनका यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने पर गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। वैभव ने लिखा, आप सभी के संदेशों से मैं अभिभूत हूं। मैं अपने सीनियर खिलाड़ियों और शुभचिंतकों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे इतना प्यार और समर्थन दिया।

मैं आभारी हूं कि मुझे अपने देश के लिए प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। मैं हमेशा कोशिश करूंगा कि मैं अपनी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूं। एक बार फिर से आप सभी का बहुत-बहुत आभार ।

इस संदेश से उनकी विनम्रता और देश के प्रति समर्पण साफ झलक रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे मैच में, वैभव ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरूआत की। यह उनके लिए किसी सपने से कम नहीं था, खासकर तब जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज का सामना करते हुए अपनी पहली ही गेंद पर शानदार छक्का लगा दिया।

इस पल ने स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया और सभी वैभव की प्रतिभा के प्रशंसक हो गए। उनकी बल्लेबाजी को देखकर इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक भी हैरान नजर आये। वैभव के आक्रामक अंदाज को देखते हुए हैरी ने चौथे ओवर में ही स्पिनर को गेंदबाजी के लिए उतार दिया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## ट्रंप की वित्तीय रिपोर्ट में पिछले साल के अंत से कूपांग के शेयरों में 18 ट्रेड का खुलासा

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 05 जुलाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वित्तीय खुलासा (फाइनेंशियल डिस्क्लोजर) रिपोर्ट के अनुसार, उनके मनी मैनेजर्स ने अक्टूबर से मई के बीच अमेरिकी शेयर बाजार में सूचीबद्ध ई-कॉमर्स कंपनी कूपांग के शेयरों में 18 बार खरीद-बिक्री की। यह ट्रेडिंग ऐसे समय में हुई, जब कंपनी से जुड़े बड़े डेटा ब्रीच की दक्षिण कोरिया में चल रही नियामकीय जांच को लेकर सोल और वाशिंगटन के बीच तनाव बना हुआ था।

मई और इसी महीने अमेरिकी ऑफिस ऑफ गवर्नमेंट एथिक्स (ओजीई) में दाखिल की गई तीन रिपोर्टों से पता चला कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 9 अक्टूबर से 22 मई के बीच दो निवेश खातों के जरिए कूपांग के शेयरों की खरीद-बिक्री की। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, इन खुलासा रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि उनके पास कूपांग के अधिकतम 130,000 डॉलर तक के शेयर हो सकते हैं। ट्रंप के इन शेयर लेनदेन ने उस समय ध्यान आकर्षित किया, जब कूपांग के डेटा लीक मामले




से निपटने के दक्षिण कोरियाई अधिकारियों के तरीके को लेकर अमेरिका की आलोचना बढ़ गई। हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी की स्टाफ रिपोर्ट और व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने हाल ही में इस जांच को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसकी आलोचना की। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने 9 अक्टूबर को 1,001 से 15,000 डॉलर मूल्य के कूपांग के शेयर खरीदे। इसके बाद उसी दिन उन्होंने 50,001 से 100,000 डॉलर मूल्य के और शेयर खरीदे। वित्तीय खुलासा रिपोर्टों में लेनदेन की सटीक राशि बताने के बजाय उसे मूल्य सीमा (रेंज) के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने 16 अक्टूबर को 1,001 से 15,000 डॉलर के बीच की कीमत वाले और कूपांग शेयर खरीदे।

# अफगानिस्तान में ड्रग्स तस्करी पर बड़ी कार्रवाई 60 किलो नशीला पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

» काबुल, यूटर्न/ 05 जुलाई ।

अफगानिस्तान के उत्तरी तखार प्रांत में पुलिस ने एक विशेष अभियान के दौरान 60 किलो अवैध नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और ड्रग्स की तस्करी के शक में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी स्थानीय पुलिस अधिकारी ने दी।

प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता निजामुद्दीन ओमिर के मुताबिक, तस्करों ने शनिवार को 52 किलो अफीम और आठ किलो चरस को एक वाहन के गुप्त हिस्सों में छिपाकर किसी अज्ञात जगह ले जाने की कोशिश की थी। लेकिन पुलिस ने छापेमारी के दौरान वाहन की तलाशी लेकर नशीले पदार्थ बरामद कर लिए।

सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, इससे पहले, अवैध ड्रग्स के खिलाफ अभियान के तहत गुरुवार को अफगान सुरक्षा बलों ने पूर्वी गजनी प्रांत में एक बड़ी तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया था। इस कार्रवाई में 215



किलो अफीम जब्त की गई थी।

30 जून को प्रांतीय सूचना और संस्कृति निदेशालय ने बताया था कि दक्षिणी हेलमंद प्रांत में मादक पदार्थ विरोधी पुलिस ने एक अवैध ड्रग्स बनाने वाली लैब का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया।

यह अवैध लैब बघरान जिले में मिली थी। अधिकारियों के मुताबिक, वहां से ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला बड़ी मात्रा में सामान भी बरामद किया गया।

इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों को पकड़कर कानून के सामने लाने की कोशिश जारी है।

इससे पहले आठ जून को अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने बताया था कि पुलिस ने दक्षिणी उरुजगान और पश्चिमी फराह प्रांतों में कार्रवाई करते हुए अवैध नशीले पदार्थ बरामद किए और ड्रग्स बनाने वाली कई लैब भी नष्ट कर दीं।

इस दौरान 21 किलो अवैध ड्रग्स और 273 स्टिमुलेंट टैबलेट जब्त की गईं। पुलिस ने उरुजगान और फराह में मौजूद ड्रग्स बनाने वाली लैब को भी नष्ट कर दिया। साथ ही, करीब 1,000 किलो ऐसा सामान भी बरामद किया गया, जिसका इस्तेमाल हेरोइन बनाने में किया जाता था।

पुलिस ने इस अवैध कारोबार में शामिल होने के आरोप में पांच लोगों को भी गिरफ्तार किया।

हालांकि मंत्रालय ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन उसने कहा कि मादक पदार्थ विरोधी पुलिस का अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक अफगानिस्तान को नशीले पदार्थों की समस्या से पूरी तरह मुक्त नहीं कर दिया जाता।

## खामेनेई के अंतिम संस्कार पर ट्रंप बोले- एक हमले में सब खत्म कर दूंगा

### खामेनेई के जनाजे पर आंसू बहाने वालों पर भड़के ट्रंप

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 05 जुलाई

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में दिवंगत सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम पर एक विवादास्पद बयान जारी किया है। उन्होंने दावा किया कि अगर वह चाहें तो एक ही हमले में ईरान की शेष लीडरशिप को खत्म कर सकते हैं, लेकिन वह ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि वह ईरान के साथ बातचीत करना चाहते हैं। ट्रंप ने खामेनेई के जनाजे में लोगों के रोने पर तंज कसते हुए इसे फर्जी आंसू भी करार दिया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच शांति समझौता काफी हद तक लागू हो गया है। 4 जुलाई से ईरान में दिवंगत सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिनमें ईरान की लगभग पूरी लीडरशिप एक छत के नीचे इकट्ठा होगी। अमेरिका और इजरायल से युद्ध लड़ चुके ईरान को भी इस कार्यक्रम पर हमले का डर है, क्योंकि इसमें करोड़ों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में अगर हमला होता है, तो कई जानें जा सकती हैं। इसी वजह से ईरान ने पहले ही इस कार्यक्रम पर हमला करने के खिलाफ अपनी चेतावनी जारी कर दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, इस्लामिक सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि अगर



हमला होता है, तो इसका करारा जवाब दिया जाएगा। बयान में कहा गया, हम ईरान के दुश्मनों, खासकर अमेरिका और जियोनिस्ट रिजीम (इजरायल) को किसी भी तरह के हमले के खिलाफ चेतावनी देते हैं। अगर ऐसा होता है, तो तीखा जवाब दिया जाएगा।

ट्रंप के पास सभ्यता नहीं है: ईरान

खामेनेई के जनाजे को लेकर ट्रंप ने लोगों के रोने पर कहा, मुझे लगता था कि लोगों को खामेनेई से नफरत है। शायद यह फर्जी आंसू हों।

ट्रंप के इस बयान पर अर्मेनिया स्थित ईरान दूतावास ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जवाब दिया। दूतावास ने अपनी पोस्ट में लिखा कि आप (ट्रंप) इन चीजों को नहीं समझ सकते क्योंकि आपके पास न तो सभ्यता है, न इतिहास है और न ही सम्मान है।

# गैंगरेप केस में क्रिप्टो एंगल डार का रिश्तेदार आरोपी

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 05 जुलाई ।

पाकिस्तान के लाहौर में दो विदेशी महिलाओं के अपहरण और गैंगरेप मामले की जांच में नया मोड़ सामने आया है। जांच एजेंसियां अब इस मामले में क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े विवाद की भी पड़ताल कर रही हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्य आरोपी मुहम्मद रजा डार पर महिलाओं से क्रिप्टो फंड हासिल करने के लिए उन्हें बंधक बनाने और फिरौती मांगने का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, मुहम्मद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार का रिश्तेदार है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आरोपी को इशाक दार का पोता भी बताया गया है। दो जीवित बची महिलाओं में से एक ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान में आरोप लगाया कि हथियारबंद लोगों ने उन्हें और उनकी साथी को एक घर में बंधक बना लिया। आरोपी डार ने लगातार कंप्यूटर और क्रिप्टोकरेंसी फंड की जानकारी मांगी। अपने बयान में पीड़िता ने आरोप लगाया कि मुहम्मद रजा डार ने उसकी रिहाई के बदले 1 लाख डॉलर (100,000 डॉलर) की रकम हासिल की। एआरवाई डिजिटल ने पीड़िता के बयान की कॉपी हासिल की और उसी के आधार पर बताया कि पीड़िता से आरोपियों ने कहा कि अगर पैसे दे दिए गए तो उन्हें छोड़ दिया जाएगा, अन्यथा जान से मार दिया जाएगा।

एआरवाई न्यूज के मुताबिक, महिला ने मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज अपने बयान में दावा किया कि आरोपियों ने उससे पूछा, 'पैसों वाला कंप्यूटर कहां है?' इस पर उसने बताया कि वह हरे रंग के बैग में रखा है।

पीड़ित महिला ने आगे बताया कि उसके सिर पर भी किसी चीज से वार किया गया था। उसने यह भी आरोप लगाया कि बंधक बनाए जाने के दौरान दो



आरोपियों ने उसका यौन उत्पीड़न किया, जबकि एक अन्य आरोपी बाहर निगरानी करता रहा।

महिला ने दर्ज बयान में आगे कहा, 'आरोपी लगातार हंस रहे थे, थप्पड़ बरसा रहे थे और जब मैं रोने लगी तो मुझे चुप रहने के लिए कहा गया।'

महिला ने दावा किया कि मुख्य आरोपी डार ने उसके मोबाइल फोन से उसके संपर्कों को पैसे भेजने के लिए संदेश भी भेजे। बाद में उसकी साथी की मां ने आरोपियों को बताया कि 1 लाख डॉलर की व्यवस्था कर ली गई है। इसके बाद आरोपी ने पैसे मिलने की बात कही। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उन्हें एयरपोर्ट ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में मुख्य आरोपी की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके बाद दोनों महिलाओं को बचा लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### डीआर कांगो में इबोला का कहर जारी, 1,528 मामलों के बीच 492 लोगों की मौत

किंशासा, यूटर्न/ 05 जुलाई । डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला के 1,528 कन्फर्म मामले सामने आए हैं, जिनमें 492 मौतें शामिल हैं, क्योंकि देश में इस बीमारी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। डीआरसी के पब्लिक हेल्थ अधिकारियों की ओर से शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, कुल 239 मरीज ठीक हो चुके हैं, जबकि 628 कन्फर्म मरीज अभी आइसोलेशन में हैं या अस्पताल में भर्ती हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने 185 संदिग्ध मामलों की भी पहचान की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर हफ्ते कन्फर्म मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। महामारी विज्ञान के हिसाब से 25वें और 26वें हफ्ते में सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए - दोनों हफ्तों में 300 से ज्यादा मामले सामने आए - जो कम्युनिटी ट्रांसमिशन (समुदाय में संक्रमण फैलने) के जारी रहने का संकेत है।

### वेनेजुएला में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,954 हुई, 16,209 लोग बेघर

काराकस, यूटर्न/ 05 जुलाई । बीते हफ्ते वेनेजुएला में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। दो भूकंपों की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 2,954 हो गई है, जबकि 16,592 लोग घायल हुए हैं। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज ने बताया कि पिछले हफ्ते वेनेजुएला में आए दो भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,954 हो गई है और 16,592 लोग घायल हुए हैं। शनिवार को टेलीग्राम पर रोड्रिग्ज की ओर से जानकारी दी गई कि अरागुआ, मिरांडा और ला गुएरा जैसे मध्य राज्यों और काराबोबो, याराकुय और फाल्कन जैसे पश्चिमी राज्यों में 6,462 लोगों को बचाया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अपडेट में बताया गया है कि 16,209 लोग बेघर हो गए हैं, जबकि 856 इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और 190 इमारतें ढह गई हैं। अधिकारियों की ओर से विस्थापित और प्रभावित लोगों की मदद के लिए 80 अस्थायी कैंप बनाए गए हैं। शनिवार के अपडेट के अनुसार, बचे हुए लोगों की तलाश के लिए 29,567 बचावकर्मी तैनात हैं, जिनमें विदेशों से आए 3,281 लोग भी शामिल हैं।

## इराकी सांसद के घर भ्रष्टाचार रेड: वायरल सोने की ब्रा-पैंटी का दावा

» बगदाद, यूटर्न/ 05 जुलाई ।

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक इराकी महिला सांसद के घर पड़ी रेड में मिले सामानों की सूची की काफी चर्चा हो रही है। दावा हो रहा है कि इराक की सांसद हिंद-अल अब्बासी के घर से 57 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 490 करोड़ रुपये) नकद, 27 किलोग्राम शुद्ध सोना



और सोने से बनी ब्रा-पैंटी जैसे बेहद कीमती लग्जरी आइटम्स बरामद हुए हैं। यह खबर पूरे देश और दुनिया में हलचल मचा रही है, लेकिन इसकी सच्चाई क्या है? दरअसल, इराक सरकार भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ बड़े अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत कई सांसदों और अधिकारियों के घरों पर ताबड़तोड़ छापे मारे गए हैं। वायरल तस्वीरों और कुछ रिपोर्ट्स में हिंद अल-अब्बासी के घर से भारी मात्रा में नकदी और सोने की ईंटों के साथ-साथ सोने की ब्रा और पैंटी मिलने का जिक्र है। इराकी मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म्स पर इन बरामदगी की तस्वीरें भी शेयर की गई हैं, जिसमें नकदी के ढेर और सोने के आभूषण दिख रहे हैं। हालांकि, इस अति सनसनीखेज खबर की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *